# कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांकः 20 / शैक्षिक / वि0प0 द्वितीय बैठक / 2017–18 दिनांकः 07/ 04 / 2018

## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की दिनांक 04 / 04 / 2018 दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न द्वितीय बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नवत् उपस्थित हुए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सरोज कुमार, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय लखनऊ, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 पी0एस0 घोषदस्तीदार, निदेशक, भारतीय प्रोधौगिकी संस्थान, कानपुर के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अनुपम, भारतीय सूचना प्रोधौगिकी संस्थान, लखनऊ के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, आई0ई0टी0, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | प्रो0 देबव्रत गोस्वामी, आई0आई0टी0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मनीष गौर, सेन्टर फार एडवान्सड स्टडीज, ए0के0टी0यू0, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | प्रो0 सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 9. | प्रो0 करूणाकर सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एवं कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0यू0 सिदद्की, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 11. | प्रो0 के0एम0 महापात्रा, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोसल साइंसेज एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 12. | प्रो0 राम नरेश, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 13. | प्रो0 रघुराज सिंह, विभागाध्यक्ष, सी0एस0ई0 एवं अधिष्ठाता, योजना एवं श्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 14. | प्रो0 रीना सिंहल, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 15. | प्रो0 कृष्ण राज, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 16. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आशवासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 17. | प्रो0 प्रमोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 18. | प्रो0 आर0 के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, आयल टेक0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 19. | प्रो0 पी0के0 कमानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आर0के0 शुक्ला, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एवं मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | प्रो0 रेखा बाली, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 22. | प्रो0 यदुवीर सिंह, आचार्य, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 23. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 24. | प्रो0 रचना अस्थाना, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 25. | डा0 एस0 के0 गुप्ता, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 26. | श्री जे0के0 द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 27. | श्री एस0जे0 नागर, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 28. | श्री जे0बी0 बाजपेयी, सह कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 29. | प्रो0 ओंकार सिह, आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 30. | प्रो0 अनिता यादव, इन्चार्ज सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 विनय प्रताप सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 32. | डा0 पी0के0एस0 यादव, सहायक आचार्य, आयल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 33. | डा0 दीपेश सिह, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 34. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, आचार्य, सी0एस0ई0 विभाग, एच0बी0टी0आई0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 35. | डा0 विवेक कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 36. | डा0 संजीव कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 37. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 एवं अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 तपोव्रत लहरी, भारतीय सूचना प्रोधौगिंकी संस्थान, इलाहाबाद | सदस्य |
| 2. | प्रो0 एस0एन0 सिंह, कुलपति, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर | सदस्य |
| 3. | प्रो0 शिशिर सिन्हा, आई0आई0टी0, रूड़की | सदस्य |
| 4. | प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय, आई0आई0टी0, दिल्ली | सदस्य |
| 5. | डा0 सी0एल0 गहलोत, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 6. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | डा0 बन्दना निगम, सह आचार्य, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 8. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |

कुलपति महोदय द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की द्वितीय बैठक मे उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 2.01** **शैक्षिक परिषद की दिनांक 09/06/2017, दिन शुक्रवार को अपरान्ह 02:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न प्रथम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विद्या परिषद ने प्रथम बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही मद सं0 1.08 (अ) शैक्षिक सम्परीक्षा (Academic Audit) पर अनुमोदित समिति के स्तर पर शैक्षिक सम्परीक्षा का कार्य लम्बित रहने के क्रम में समिति से तीन माह के अन्दर शैक्षिक सम्परीक्षा का कार्य पूर्ण कराने की अपेक्षा की। परिषद ने यह भी अपेक्षा की कि मा0 कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद के स्तर से एक उप समिति का गठन किया जाय जो शैक्षिक सम्परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न मानकों को चिन्हित कर समावेशित करे जिसके आधार पर शैक्षिक सम्परीक्षा की जानी है।

**मद सं0 2.02** **विद्या परिषद की दिनांक 09/06/2017, दिन शुक्रवार के मद सं0 1.02 में वर्णित निर्णय के क्रम में एच0बी0टी0यू0, कानपुर द्वारा (मानविकी एवं रसायन) पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव में हुई त्रुटि पर सक्षम स्तर से लिये गये निर्णय एवं शेष विभागों को इनरोलमेन्ट नम्बर का अनुमोदन।**

परिषद ने इनरोलमेन्ट नम्बर आवंटित करने की प्रक्रिया पर संज्ञान एवं संतोष व्यक्त किया। इसके साथ ही भौतिक एवं गणित विभाग के शाखा कोड पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 2.03** **शैक्षिक सत्र 2017–18 के नव प्रवेशित छात्रों पर Course Structure / Evaluation Scheme के निर्धारण करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने कोर्स विन्यास/मूल्यांकन पद्यति इस परिवर्तन के साथ अपना अनुमोदन प्रदान किया कि प्रस्तावित 160 क्रेडिट के स्थान पर 172 क्रेडिट का कुल शैक्षिक भार बी0टेक0 की प्रत्येक विद्या के लिये नियत किया जाय। प्रथम वर्ष के कोर्स विन्यास को यथावत रखते हुये द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के प्रत्येक सेमेस्टर में दो–दो क्रेडिट का अतिरिक्त कार्यभार (Work Load) सामान्य रूप से वितरित किया जाय।

विश्वविद्यालय के सभी विभाग अपने बी0टेक0 कोर्स के लिये एक समान कोर्स टेम्पलेट (uniform course template) का अनुसरण करते हुये दो कार्य दिवसों के अन्दर आवश्यक बदलाव के साथ अपना कोर्स विन्यास शैक्षिक क्रियाकलाप को प्रस्तुत कर देंगे। सभी विभागों से यह भी अपेक्षा की गयी कि वह विभागीय इलेक्टिव / ओपेन इलेक्टिव हेतु एक विस्तृत "कोर्स सूची" तैयार करेंगे जो मूक (Massive Open On-line Course) के माध्यम से पठित हो सकेंगे। सभी विभाग ऐसे विषयों के लिये एक विषय संयोजक (Course Coordinator) नामित करेंगे जो कोर्स के संचालन के साथ–साथ मिड सेमेस्टर एवं सेमेस्टर मुख्य परीक्षा का मूल्यांकन भी करेंगे।

परिषद ने मा0 कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद को उक्त पर आवश्यक अनुमोदन करने हेतु अधिकृत किया गया।

मद सं0 2.04 **शैक्षिक सत्र 2017–18 में नव प्रवेशित छात्रों के लिये वित्त समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 19.04.2017 में निर्धारित फीस प्रारूप को लागू करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अपनी सहमति प्रदान की।

मद सं0 2.05 **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के शैक्षिक सत्र 2016–17 के परीक्षाफल का विश्लेषण के सम्बंध में।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 2.06 **विश्वविद्यालय के वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 (मार्च 31, 2018 तक) के सेवायोजन का विवरण पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया। परिषद ने यह भी अपेक्षा कि भविष्य की आवश्यकताओं एवं छात्र हित के दृष्टिगत सेवायोजन को और सुद्वढ़ किया जाय।

मद सं0 2.07 **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2017–18 में नव प्रवेशित छात्रों के जे0ई0ई0 मेन्स रैंकिंग के सम्बन्ध में।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये संतोष व्यक्त किया। परिषद ने यह भी अपेक्षा की कि आगामी जे0ई0मेन्स की परीक्षा से प्रवेशित छात्रों की रैंकिग का विश्लेषण किया जाय।

**मद सं0 2.08** **विश्वविद्यालय के परीक्षा परिषद् (Board of Examination) की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा बो0आई0ई0 की समस्त बैठकों में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 2.09** **विश्वविद्यालय के छात्र श्री प्राजंल पाठक, प्लास्टिक टेक0 अन्तिम वर्ष के छात्र द्वारा मूल विषय की परीक्षा के इतर अन्य परीक्षा में सम्मिलित होने के प्रकरण के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा श्री प्राजंल पाठक के प्रकरण पर विशेष परीक्षा आयोजित करने की सहमति प्रदान की तथा छात्र के परीक्षाफल में कैरीओवर अंकित न किया जाय। परिषद ने यह भी अपेक्षा की कि उक्त को भविष्य के लिये दृष्टान्त न माना जाये।

**मद सं0 2.10** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 कोर्स के अध्यादेश (Ordinance) एवं अर्हता के सम्बन्ध में।**

परिषद ने अपेक्षा की कि बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 हेतु प्रस्तावित अध्यादेशों पर सभी विभागाध्यक्षों से दो कार्य दिवसों के अन्दर उनकी राय प्राप्त कर ली जाय एवं अध्यादेश को अन्तिम रूप दिया जाय। परिषद ने सभी अध्यादेशों पर मा0 कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद को अनुमोदन प्रदान करने के लिये अधिकृत किया।

**मद सं0 2.11** **एच0बी0टी0यू0, कानपुर की ''शोध एवं विकास परिषद्'' के गठन के उपरान्त कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

परिषद ने शोध एवं विकास परिषद द्वारा कराये गये विभिन्न कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया। परिषद ने शोध एवं विकास परिषद को अपनी गतिविधियों को और सुद्दढ़ करने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 2.12 **एच0बी0टी0यू0, कानपुर की ''उद्भवन हब'' के गठन के क्रम में शैक्षिक परिषद् के नामांकन के सम्बन्ध में।**

परिषद ने उद्भवन हब द्वारा कराये गये विभिन्न कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया। इस क्षेत्र में भविष्य की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत परिषद ने ''उद्भवन हब'' को अपनी गतिविधियों को और सुद्रढ़ करने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 2.13 **विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्षों की विभिन्न बैठकों (शैक्षिक किया कलाप से सम्बन्धित) के सम्बन्धित कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 2.14 **विश्वविद्यालय के स्नातक (बी0टेक0) पाठयक्रम में विभिन्न विद्याओं में अभातशिप के द्वारा अनुमोदित प्रवेश क्षमता में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रवेश क्षमता वृद्वि के प्रकरण को वर्तमान में स्थगित रखने का निर्णय लिया। परिषद का मत था कि विभिन्न विधाओं के प्रत्यायियन पूर्ण करने के उपरान्त ही उपरोक्त पर विचार किया जाय।

मद सं0 2.15 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के बी0टेक0/एम0सी0ए0 /एम0टेक0 में पंजीकृत छात्रों की उपस्थिति 75% से न्यून होने पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने से रोके जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने निर्णय लिया कि उन सभी विषयों जिनमें छात्र की उपस्थिति 75 प्रतिशत से न्यून है, उक्त विषय की मिड सेमेस्टर/सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा। परिषद ने आर्थिक दण्ड लगाये जाने पर सैद्धान्तिक रूप से असहमति व्यक्त की।

मद सं0 2.16 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।

मद सं0 2.16.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में प्लास्टिक टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने उक्त प्रकरण पर गहन विचारोपरान्त अपनी सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की। परिषद ने प्लास्टिक टेक0 विभाग को इस संदर्भ में आधारभूत संरचना के सुद्वणीकरण के साथ प्रक्रिया सम्बन्धी सभी बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारी अविलम्ब शुरू करने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 2.16.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में पेन्ट टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने उक्त प्रकरण पर गहन विचारोपरान्त अपनी सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की। परिषद ने पेन्ट टेक0 विभाग को इस संदर्भ में आधारभूत संरचना के सुद्वणीकरण के साथ प्रक्रिया सम्बन्धी सभी बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारी अविलम्ब शुरू करने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 2.16.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के मानविकी विभाग में MBA programm with the specialization in Entrepreneurship पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने उक्त प्रकरण पर गहन विचारोपरान्त अपनी सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की। परिषद ने मानविकी एंव समाज विज्ञान को इस संदर्भ में आधारभूत संरचना के सुद्वणीकरण के साथ प्रक्रिया सम्बन्धी सभी बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारी अविलम्ब शुरू करने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 2.16.04** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में उत्तर प्रदेश के इतर राज्यों के 20 प्रतिशत सीट पर प्रवेश के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रकरण पर विचारोपरान्त इस आधार पर 20 प्रतिशत सीट पर इतर राज्यों के छात्रों के प्रवेश पर अपनी सहमति प्रदान की कि यह वृद्धि Super Numerary के आधार पर हो जिससे अपने राज्य के छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

परिषद ने यह भी अपेक्षा की कि उक्त प्रस्ताव को प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाय।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**(आनन्द कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, शैक्षिक परिषद

**(नरेन्द्र बहादुर सिंह)**
कुलपति एवं अध्यक्ष
शैक्षिक परिषद